हरिभूमि

विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 5 नवंबर 2026

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या के दोषियों पर उचित...



05 युवक की प्रताड़ना से परेशान युवती ने फांसी लगाकर जान दी



संगम विहार की शानदार सफलता एवं आपके प्यार और विश्वास के साथ
हम लेकर आए हैं एक और नई सौगात

SAFFRON PARK

प्रकृति के करीब, खुशियों के साथ

Presented by-
Chouksey Nagar

COMING SOON

धनतेरस की
हार्दिक शुभकामनाएं



TEMPLE



SPIRITUAL CENTER

ENJOY



SERENE ATMOSPHERE

RELAX



PEACEFUL ENVIRONMENT

LAYOUT



WEll PLANNED LAYOUT

PLAY AREA



KIDS PLAY AREA

215+ PREMIUM UNITS | 05 LUSH GREEN | 03 KM FROM RLY STATION | 25+ LIFESTYLE AMENITIES

ADITI CONSTRUCTION & DEVELOPERS

ADDRESS : Near New Galla Mandi Sorai Road Vidisha

Call: +91 90986 38501, 98934 82211, 70244 46422

CUDIO
Architect' And Interior Design Studio
Add : 147, Zone 2 M.P. Nagar, Bhopal, Contact : 8982109119

बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1600
उच्चतम भाव-6900
सरसों
न्यूनतम भाव-6500
उच्चतम भाव-8810
चना
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-7370
मसूर
न्यूनतम भाव-4400
उच्चतम भाव-8200
शरबती
न्यूनतम भाव-3200
उच्चतम भाव-5505
गेंहू
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-3420
बटरी
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-3600
मूंग
न्यूनतम भाव-5400
उच्चतम भाव-7250
उड़द
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-7750
मक्का
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-2750
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2100
उच्चतम भाव-3450
धान
न्यूनतम भाव-1500
उच्चतम भाव-5052
धनिया
न्यूनतम भाव-11500
उच्चतम भाव-13000

कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में बुधवार को अनेक किसान अपनी उपज नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मंडी में 41117 बोरे उपज की आवक दर्ज की गई।

खबर संक्षेप

रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



गंजबासौदा। दीपावली के अवसर पर नवांकुर विद्यापीठ में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 50 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए आकर्षक एवं मनमोहक रंगोलियाँ बनाई। इस अवसर पर दीपावली पूजन, कमल पुष्प, दीप प्रज्वलन, लक्ष्मी पूजन, श्रीराम का अयोध्या आगमन, शुभ व मांगलिक कार्यों की प्रतीक आदि विविध रंगोलियां अलग-अलग रंगों व आकर्षक आकृतियों में बनाई गई। यह प्रतियोगिता विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रभारी मेघा शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। जिसमें शिक्षिका संध्या राजपूत ने भी सहयोग प्रदान किया। प्रस्तुत रंगोलियों में से तीन सर्वश्रेष्ठ रंगोलियाँ बनाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जावेगा।

विधिक साक्षरता शिविर में विद्यार्थियों को दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा



बुधवार को सरस्वती शिशु मंदिर राजेन्द्र नगर में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम के आयोजन एवं सुरक्षित बचपन अभियान के तहत किया गया। जिसमें मेरा बचपन मेरा अधिकार, बाल अधिकार, बाल संरक्षण विषय पर न्यायाधीश के साथ अधिवक्ताओं ने बच्चों को जागरूक किया। कार्यक्रम का सुभारम्भ न्यायाधीश श्रष्टि कुशवाहा, अधिवक्ता रुचि जैन, विशाखा तिवारी एवं सुनील राजपूत ने मां सरस्वती का पूजन अर्चन कर किया, अपने विषय पर विचार व्यक्त करते हुए न्यायाधीश ने स्कूल के छात्रों को गुड टच, बेड टच, कानूनी प्रक्रिया, कानूनी सहायता के बारे में विस्तृत जानकारी दी। साथ ही छात्रों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का भी उत्तर दिया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने हस्त निर्मित ग्रीटिंग एवं दीपक अतिथियों को भेंट किये, अतिथियों का स्वागत भारती अरोरा, अनीता सक्सेना, तनु जैन, भावना नामदेव, रानी कुशवाह, राधा कुशवाहा, तपस्या यादव ने किया। आभार व्यक्त प्रधानाचार्य शैलेन्द्र सिंह राजपूत ने किया, संचालन अभय प्रताप सिंह ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के परिवार और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

परिजनों एवं समाजजनों ने शहर थाना प्रभारी को दिया ज्ञापन

ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या के दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

गत दिवस 20 वर्षीय अभिषेक यादव ने ट्रेन से कटकर जान देने के मामले में बुधवार को शाम के समय परिजनों एवं समाजजनों ने शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि आत्महत्या के बाद अभिषेक का एक वीडियो सामने आया था। जिसमें उसने कुछ लोगों पर प्रताड़ना के आरोप लगाए थे। आज परिजनों ने अभिषेक को कथित रूप से परेशान करने और उसके साथ मारपीट करने के आरोप में संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। मृतक अभिषेक के पिता ने वीडियो में नाम लिए गए लोगों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्होंने मारा है बेटे को... पहले चोरी का इल्जाम लगाया, जुर्म कुबुल करने को कहा, फिर मारा। अभिषेक पर पूरा सामान डिलीवर नहीं करने का आरोप लगाया। ज्ञापन में अभिषेक के पिता ने बताया कि उनका 20 वर्षीय बेटा बलराम राजपूत के ट्रांसपोर्ट पर हम्माली करता था। 29 अक्टूबर 2026 को उसने हसन और चेतन पाठक की दुकान से माल लोड किया था। इसके बाद वह ड्राइवर के साथ भोपाल गया था। परिजनों के अनुसार, माल खाली करके लौटने के अगले दिन हसन, चेतन पाठक और मुनीम अरविंद ने अभिषेक से कहा कि माल कम पहुंचा है। आरोप है कि इसके बाद हसन, चेतन, अरविंद और ड्राइवर राजू अहिरवार ने अभिषेक के साथ मारपीट की। इसके बाद वे लोग अभिषेक को थाने भी ले आए और पुलिस द्वारा भी बिना एफआईआर दर्ज किए अभिषेक को घंटों तक थाने में बैठाए रखा गया। इसके बाद हसन और चेतन और अरविंद अभिषेक को अपने साथ ले गए। समाजजनों द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि शाम को उन्होंने अभिषेक के मोबाइल पर फोन किया था। इस दौरान रेलवे जीआरपी ने उन्हें एक शव मिलने और उसके पास अभिषेक का मोबाइल होने की जानकारी दी। इसके बाद परिजनों ने रेलवे प्लेटफॉर्म पर पहुंचकर शव की पहचान अभिषेक के रूप में की। घटना 1 नवंबर 2026 की है। परिजनों का दावा है कि अभिषेक के मोबाइल में मिले वीडियो में उसने हसन और चेतन से परेशान होने की बात कही है। परिवार एवं समाजजनों द्वारा मांग की गई है कि अभिषेक को प्रताडित करने वाले और उसे आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपियों पर वीडियो के आधार पर सही जांच कर प्रकरण पंजीबद्ध किया जाए और कार्रवाई की जाए।



वन विभाग की जमीन पर कब्जा करने की शिकायत



फाइल फोटो

गंजबासौदा। ग्राम सत्ताखेड़ी जाजौन में वन विभाग की जमीन पर कथित अतिक्रमण और सार्वजनिक रास्ते बंद होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने ग्राम के एक परिवार पर शासकीय वनभूमि पर कब्जा कर खेती करने और सागौन के हरे पेड़ काटने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि अतिक्रमण के कारण श्मशान घाट और सार्वजनिक तालाब तक जाने का रास्ता बंद हो गया है। इससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है। इस संबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम अधिकारी को आवेदन सौंपा। इसमें वन विभाग की जमीन का सीमांकन कराने और अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक रास्ते खुलवाने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने कलेक्टर से राजस्व और वन विभाग की संयुक्त टीम गठित कर तत्काल सीमांकन और स्थल निरीक्षण कराने की मांग की है। साथ ही वनभूमि पर कब्जे और सागौन के पेड़ों की कटाई के आरोपों की जांच कर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। आवेदन में श्मशान घाट, तालाब और गांव के मुख्य रास्तों से अतिक्रमण हटाकर सार्वजनिक आवागमन बहाल कराने की भी मांग की गई है। ग्रामीणों ने आवेदन में बताया कि वनभूमि पर कथित कब्जे के कारण गांव के मुख्य आवागमन मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं। श्मशान घाट तक पहुंचने का रास्ता बंद होने से अंतिम संस्कार के दौरान परेशानी होती है। वहीं, सार्वजनिक तालाब तक पहुंच नहीं होने से मवेशियों को पानी पिलाने और दैनिक उपयोग के लिए भी ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

अनाज तिलहन संघ ने एसडीएम से की मांग

गंजबासौदा। अनाज एवं तिलहन संघ अध्यक्ष के नेतृत्व में अनेक मण्डी व्यापारियों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर एसडीएम अनुभा जैन को एक मांग पत्र सौंपा। जिसमें कहा गया है कि ग्राम हतोड़ा से कृषि उपज मंडी तक लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से एलईडी लाइटें लगाई गई थीं जो बंद पड़ी हैं जिससे सड़क पर अंधेरा पसरा हुआ है।



सड़क पर उभरे गड्ढों के कारण हादसों का खतरा बना हुआ है। इस स्थिति में मंडी में रात के समय अनाज की तुलाई करना मुश्किल हो रहा है। अनाज एवं तिलहन संघ के अध्यक्ष कहा है कि दीपावली तक लाइटें ठीक नहीं हुईं तो रात में मंडी की तुलाई व्यवस्था नहीं चल पाएगी। इस कारण व्यापारी नीलामी में भाग नहीं ले सकेंगे। यहां उल्लेखनीय है कि हतोड़ा से कृषि मंडी तक वर्ष 2024 के अंत में करीब एक करोड़ रुपए की लागत से एलईडी लाइटें लगाई गई थीं, लेकिन ये बंद पड़ी हैं। खरीफ फसल सीजन शुरू होने के साथ मंडी में अनाज की आवक बढ़ गई है। जिंसों की तुलाई रात 10 बजे तक चलती है। इसके बाद व्यापारी और मजदूर घर लौटते हैं। अंधेरे के कारण किसानों, हम्मालों और व्यापारियों को आवाजाही में परेशानी हो रही है। सड़क के गड्ढे भी जोखिम बढ़ा रहे हैं। ऐसे में लाइटें चालू नहीं होने से मंडी की व्यवस्थाएं प्रभावित होने की आशंका है।

यातायात पुलिस ने चालानी कार्रवाई कर जुर्माना वसूला



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

यातायात थाना प्रभारी हृदेश सिंह के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा जय स्तम्भ चौक से रेल्वे स्टेशन रोड के बीच बाजार व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए। सड़क किनारे खड़े वाहन, हाथ ठेले और दुकान के बाहर रखे सामान से यातायात नियम को अनदेखी करने वाले वाहन चालकों को समझाई दी गई। इस दौरान 5 वाहन चालकों पर चालानी कार्रवाई की गई। जिसमें एक नोपार्किंग, एक खतरनाक हालत मे गाड़ी खड़े करना, एक बुलेट का मॉडिफाइड साईलेंसर, एक हेलमेट, एक रॉंग साइड से गाड़ी चलाना शामिल हैं। यातायात पुलिस ने नगरवासियों को यातायात व्यवस्था बनाये रखने और नियम का पालन करने की अपील की है।

दिया मेकिंग, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग रंगोली प्रतियोगिता संपन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

आचार्य विद्या वैली हायर सेकेंडरी स्कूल में बुधवार को दिया मेकिंग, ग्रीटिंग कार्ड मेकिंग, थाली सजाओ और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड नंबर 4 की पार्षद नीलू अहिरवार विशेष रूप से उपस्थित थीं। जबकि विशेष अतिथि के रूप में श्रीमती जायसवाल एवं स्वाति अग्रवाल, गायत्री बांगड़ विशेष अतिथि एवं निर्णायक के रूप में उपस्थित रहीं। इस दौरान विद्यालयीन स्टॉफ और बडी संख्या में छात्र, छात्राएं मौजूद रहीं।

रेत खनन कर्मचारियों पर हमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

रेत खनन कंपनी के कर्मचारियों पर लाठी, रॉड और कुल्हाड़ी से हमलावेतवा नदी घाट के निरीक्षण से लौट रहे कर्मचारियों को बनाया निशाना, दो लोग घायलगंजबासौदा। ग्राम गमाखर के पास वेतवा नदी घाट का निरीक्षण कर लौट रहे रेत खनन कंपनी के कर्मचारियों पर कुछ लोगों द्वारा हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में दो कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस ने फरियादी की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, फरियादी मुकुल अहिरवार (21), निवासी वार्ड क्रमांक 16 शिवपुरी बाजार, झांसी (उत्तर प्रदेश), वर्तमान निवासी गंजबासौदा, रिद्धि-सिद्धि हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी जयपुर (राजस्थान) में कार्यरत है। कंपनी को विदिशा जिले में रेत खनन का ठेका प्राप्त है। फरियादी ने बताया कि 3 नवंबर की रात करीब 8:30 बजे वह अपने इंचार्ज श्यामपाल सिंह जादौन एवं अन्य कर्मचारियों के साथ वाहनों से ग्राम गमाखर के आगे वेतवा नदी घाट का निरीक्षण कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान घाट के पास रास्ते में 3-4 लोग बैठे शराब पी रहे थे। वाहनों को रोकने पर उक्त लोग उनके पास आए और कथित तौर पर पूछने लगे कि वे उनकी मोटर और पंप उठाने आए हैं क्या। कंपनी के इंचार्ज द्वारा घाट का निरीक्षण करने आने की बात बताने पर आरोपियों ने कथित तौर पर लाठी, रॉड एवं कुल्हाड़ी से वाहनों और कर्मचारियों पर हमला कर दिया। हमले के दौरान इंचार्ज, वाहन चालक एवं अन्य कर्मचारी मौके से भाग निकले, जबकि फरियादी मुकुल अहिरवार और मुनेन्द्र सिंह सिकरवार घायल हो गए। मुकुल अहिरवार के सिर में वहीं, मुनेन्द्र सिंह सिकरवार के दाएं कंधे एवं पसली में चोट आई है। घटना के बाद इंचार्ज द्वारा डायल 112 पर सूचना दी गई। पुलिस वाहन के मौके पर पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग गए। फरियादी ने आरोपियों में से एक की पहचान दीपक के रूप में बताई है, जबकि अन्य आरोपियों को सामने आने पर पहचानने की बात कही है। थाना देहात गंजबासौदा में फरियादी की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2), 351(3), 324(4) एवं 3(5) में प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में निबंध प्रतियोगिता आयोजित

प्रतियोगिता में 190 विद्यार्थियों ने लिया लाभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में 'विकसित भारत-2047' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के 190 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। विद्यार्थियों ने अपने निबंधों के माध्यम से विकसित भारत के संकल्प, राष्ट्र निर्माण, युवा शक्ति एवं देश के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपने विचार व्यक्त किए। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान श्रद्धा राजपूत, द्वितीय स्थान अमित मालवीय तथा तृतीय स्थान प्रशांत साहू ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरिसिंह रघुवंशी रहे। विशेष अतिथि के रूप में जितेंद्र मीणा एवं विवेक अधिकारी सहित भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधायक रघुवंशी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विकसित भारत-2047 का सपना साकार करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यार्थियों को शिक्षा, अनुशासन, नवाचार एवं सामाजिक जिम्मेदारी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। विद्यालय के प्राचार्य एमसी शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ उनमें राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक सरोकार एवं नेतृत्व क्षमता विकसित करना विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता, विचार अभिव्यक्ति एवं राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करती हैं। कार्यक्रम के दौरान विधायक हरिसिंह रघुवंशी द्वारा विद्यालय के छात्र संघ के पदाधिकारियों को उनके पद एवं दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही नशामुक्त अभियान के अंतर्गत हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक रहने तथा समाज में नशामुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एमसी शर्मा, अनिल दुबे, स्वतंत्र कुमार जैन, शिवा सिंह राजपूत, प्रीति सक्सेना, नीतू शर्मा, वंदना मिश्रा, मनीषा कुशवाहा, कीर्ति उपाध्याय, कविता द्विवेदी एवं राजेंद्र कलावत सहित स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं उद्देश्य की जानकारी शुभम शुक्ला द्वारा दी गई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी दिनेश कुमार ओझा ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में दिशा बुंदेला, हर्षिता प्रजापति, प्रशांत साहू, आशुतोष, भूपेंद्र राधिका, निकिता, मोहिनी, मानसी, केशव सेन, केशू, अमित एवं सुमित का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में विकसित भारत के निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व, नेतृत्व क्षमता तथा नशामुक्त समाज की स्थापना के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया।

बार-बार हो रही बिजली गुल उपभोक्ता परेशान

गंजबासौदा। इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचलों में दीपावली के त्यौहार के चलते साफ, सफाई का दौर जारी है। ऐसे में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मेंटेनेंश कार्य के चलते दिन में कई बार बिजली की कटौती की जा रही है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उपभोक्ताओं का कहना है कि विद्युत वितरण कंपनी द्वारा वर्ष भर मेंटेनेंश के नाम विद्युत की कटौती की जाती है। अघोषित रुप से विद्युत कटौती के कारण लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विद्युत उपभोक्ताओं ने विद्युत वितरण कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों से आगामी समय में नगर सहित ग्रामीण अंचलों में विद्युत की कटौती बंद किए जाने की मांग की है।

एथलेटिक्स प्रतियोगिता में अवधी का हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गंजबासौदा

श्योपुर में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डॉल्फिन विद्यालय की छात्रा अवधी जैन ने डिस्कस थ्रो स्पर्धा में स्वर्णिम प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया है। कक्षा 7वीं में अध्ययनरत अवधी ने प्रतियोगिता के कड़े मुकाबले में अपनी तकनीकी निपुणता और ताकत का परिचय देते हुए 21.33 मीटर की शानदार दूरी तक चक्का फेंककर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस ऐतिहासिक और स्वर्णिम सफलता के साथ ही अवधी का चयन आगामी राष्ट्रीय स्तर की एथलेटिक्स प्रतियोगिता के लिए हो गया है, जहाँ वे मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगी। छात्रा की इस सफलता के पीछे महीनों की कठिन साधना, समर्पण और नियमित अभ्यास की कहानी जुड़ी है। अवधी पिछले काफी लंबे समय से खेल प्रशिक्षक विजय शर्मा व गौरव भारद्वाज के कुशल नेतृत्व, तकनीकी देखरेख और मार्गदर्शन में कड़ी मेहनत कर रही थीं। खेल गुरु विजय शर्मा व गौरव भारद्वाज द्वारा दिए गए विशेष इनपुट और फिटनेस ट्रेनिंग की बदौलत अवधी ने अपनी तकनीक में लगातार सुधार किया। उनकी यही निरंतर मेहनत, खेल के प्रति अटूट निष्ठा और गुरु का सही मार्गदर्शन आखिरकार रंग लाया और उन्होंने राज्य स्तर पर गंज बासौदा व डॉल्फिन स्कूल का नाम पूरे प्रदेश में रोशन कर दिया। अवधी की इस उपलब्धि पर संस्था के संचालक शैलेन्द्र दीक्षित, प्राचार्य संदीप नारायण जेटली ने संयुक्त रूप से प्रसन्नता व्यक्त करते हुए आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर देश में मेडल जीतने के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस सफलता पर हाई स्कूल प्रभारी नीतू तनवानी, माध्यमिक विभाग प्रभारी सुधा दीक्षित, प्राथमिक विभाग प्रभारी रेखा राजपूत, पूर्व प्राथमिक प्रभारी अनुभा रिछारिया, संदीप जैन, उत्कर्ष चौबे सहित समस्त शिक्षक स्टॉफ, खेल प्रेमियों और नगर के गणमान्य नागरिकों ने अवधी जैन, प्रशिक्षक विजय शर्मा, गौरव भारद्वाज, छात्रा के माता-पिता को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

खबर संक्षेप

विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति आवेदन शुरू

विदिशा। अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए विदेश अध्ययन छात्रवृत्ति योजना 2026-27 के ऑनलाइन आवेदन शुरू हो गए हैं। योजना के तहत विदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में स्नातकोत्तर, पीएचडी और पोस्ट-पीएचडी की पढ़ाई के लिए वित्तीय सहायता मिलेगी। इच्छुक विद्यार्थी mpom.mp.gov.in पोर्टल पर प्रोफाइल पंजीयन कर आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए समग्र आईडी के साथ डिजिटल जाति, आय और मूल निवासी प्रमाण पत्र आवश्यक हैं। आवेदन लॉक करने के 15 दिन के भीतर प्रिंटआउट और स्वप्रमाणित दस्तावेज भोपाल स्थित विभागीय आयुक्त कार्यालय में जमा करना अनिवार्य होगा।

जनसुविधा के लिए दीं दो बेंच और 21 हजार रुपए

विदिशा। स्व. बृजेश कविश्वर की तेरहवीं पर उनके परिजनों और दामाद ने सामाजिक सरोकार की मिसाल पेश की। परिवार की ओर से माधव उद्यान में भ्रमण करने वाले लोगों की सुविधा के लिए दो बेंच भेंट की गईं। साथ ही भगवान परशुराम मंदिर एवं सर्व ब्राह्मण धर्मशाला के लिए 21 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। इस पहल की नगर के प्रबुद्धजनों ने सराहना की। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता महेंद्र जैन, कवि गोवर्धन राजोरिया, गोविंद देवलिया, प्रवीण शर्मा, अरविंद शर्मा, ओशो अमन स्वामी, अशोक शर्मा, मनमोहन बंसल, राजकुमार शर्मा और श्याम तिवारी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। वक्ताओं ने मधुकर शर्मा और विपुल शर्मा के इस नवाचार को समाज के लिए अनुकरणीय बताया।

अपना घर आश्रम में जिला सम्मेलन हुआ

विदिशा। विट्ठल नगर स्थित अपना घर आश्रम में सेवा भारती द्वारा संचालित संस्कार केंद्रों की शिक्षिकाओं का जिला सम्मेलन एवं सहभोज आयोजित किया गया। इसमें विदिशा, गंजबासौदा और सिरोंज की 40 शिक्षिकाओं ने सहभागिता की। श्री तुलसी यमुना सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित सम्मेलन में शिक्षिकाओं के मानदेय संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही दीपावली के उपलक्ष्य में उन्हें साड़ियां, बेडशीट और मिठाई भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवा भारती के जिला अध्यक्ष राजेश माथुर, राजेश भार्गव, विट्ठल दास डांगरा, डॉ. जीके माहेश्वरी, जीएस चौहान, वर्षा अग्रवाल, राजबाला बघेल, अतिन जैन, रितु शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

सनकी प्रभारी: धामनोद के संकुल प्रभारी का विवादित वीडियो वायरल

अपनी ही बेटी को उठाकर फेंका, कहा: तुम्हे फंसा दूंगा और चार गवाह भी खड़े कर दूंगा

स्कूटी की राशि एक साल तक खाते में नहीं आने की शिकायत लेकर पहुंचे छात्रा के पिता से संकुल प्रभारी का विवाद हो गया। विवाद के दौरान संकुल प्रभारी ने अपनी ही बच्ची को उठाकर फेंका और छात्रा के पिता को बच्ची की हत्या के झूठे मामले में फंसाने की धमकी दे डाली। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है।

पहले बनाए हुए वीडियो को डिलिट नहीं करने पर शिक्षक ने आपा खोया, डीईओ ने दिए जांच के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा





विदिशा। बहस के दौरान संकुल प्राचार्य ने अपनी बच्ची को उठाकर फेंका।

जनपद शिक्षा केंद्र ग्यारसपुर के अंतर्गत संकुल धामनोद से एक बेहद चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां संकुल प्रभारी कमल सिंह मीणा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वे अपनी ही बच्ची को उठाकर फेंकते हुए दिखाई दे रहे हैं। साथ ही विवाद के दौरान एक व्यक्ति को बच्ची की हत्या के झूठे मामले में फंसाने की धमकी देने का आरोप भी लगाया गया है। वायरल वीडियो ने शिक्षा विभाग में हलचल मचा दी है।

स्कूटी की राशि को लेकर शुरू हुआ विवाद

धामनोद क्षेत्र की एक छात्रा ने कक्षा 12वीं की परीक्षा अच्छे अंकों से उत्तीर्ण की थी। मध्यप्रदेश सरकार की योजना के तहत छात्रा को स्कूटी खरीदने के लिए मिलने वाली राशि उसके खाते में एक वर्ष बीत जाने के बाद भी नहीं पहुंची थी। इसी समस्या को लेकर छात्रा के पिता और खुमान चौहान स्कूल के प्राचार्य एवं संकुल प्रभारी कमल सिंह मीणा के पास पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि इस दौरान कमल सिंह मीणा ने कागजी कार्रवाई पूरी होने और राशि नहीं आने में अपनी कोई गलती नहीं होने की बात कही। आरोप है कि उन्होंने यह भी कहा कि कुछ खर्च करोगे तो राशि जल्दी मिल जाएगी। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। आरोप के मुताबिक, विवाद बढ़ने पर कमल सिंह मीणा ने खुमान चौहान को धमकी देते हुए कहा कि वे अपनी बच्ची को उठाकर फेंक देंगे और इसके बाद बच्ची की हत्या का आरोप उन पर लगा देंगे। इतना ही नहीं चार गवाह खड़े करने की बात भी कही गई। इस पूरे वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामले ने तूल पकड़ लिया है।

जिला शिक्षा अधिकारी एनके अहिरवार ने संबंधित संकुल प्रभारी के विरुद्ध जांच कर नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की बात कही है।

यह है बड़ा सवाल

सवाल यह है कि छात्रा की स्कूटी की राशि एक साल तक क्यों अटकी रही? क्या राशि जारी कराने के नाम पर वास्तव में किसी प्रकार के खर्च की मांग की गई थी और वायरल वीडियो में दिखाई दे रहे घटनाक्रम को लेकर शिक्षा विभाग क्या कार्रवाई करता है?फिलहाल पूरे मामले में निष्पक्ष जांच और दोषी पाए जाने पर सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है।

बालिकाओं के हुनर से सजा दीपावली स्टॉल, 8 हजार के उत्पाद बिके

विदिशा। बालिका संप्रेक्षण गृह की बालिकाओं ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से दीपावली के सजावटी उत्पाद तैयार कर जिला न्यायालय परिसर में स्टॉल लगाया। प्रशिक्षक सोनिला डेविड के मार्गदर्शन में तैयार हस्तनिर्मित सामग्री को लोगों ने खूब पसंद किया। स्टॉल से 8 हजार रुपए के उत्पादों की बिक्री हुई। अतिरिक्त जिला जज राजेश शर्मा और प्रधान मजिस्ट्रेट संचिता भदकारिया ने बालिकाओं के हुनर की सराहना की विक्रय राशि से बालिकाओं के लिए चांदी के आभूषण खरीदे जाएंगे।

समरसता और कुटुंब प्रबोधन से बनेगा सशक्त समाज : भार्गव

विदिशा। शरद स्मृति न्यास विदिशा द्वारा 4 नवंबर को मधुकर संघ कार्यालय, अरिहंत विहार में समरस परिवार मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिलेभर के विभिन्न सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक परिवार सहित शामिल हुए। मुख्य अतिथि न्यास अध्यक्ष रामकिशोर अग्रवाल और मुख्य वक्ता मध्यक्षेत्र गौ सेवा संयोजक बृजकिशोर भार्गव रहे। भार्गव ने कहा कि कुटुंब प्रबोधन और सामाजिक समरसता संघ के पंच परिवर्तन के महत्वपूर्ण स्तंभ हैं। परिवार में संस्कारों के साथ समाज में भेदभाव रहित समरसता की भावना विकसित करना जरूरी है। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक समन्वय और आपसी आत्मीयता बढ़ाना था। यह जानकारी न्यास सचिव वीरेंद्र रघुवंशी ने दी।

युवक की प्रताड़ना से परेशान युवती ने फांसी लगाकर जान दी

तीन महीने जेल में रहा, फिर भी नहीं माना



विदिशा। शव लेने पोस्टमार्टम रूम के बाहर खड़े होकर इंतजार करते परिजन।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

करैयाखेड़ा स्थित गोकुलधाम कॉलोनी में 22 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर जान दे दी। परिजन ने एक युवक पर उसे परेशान करने और परिवार को जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती का मोबाइल जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मृतका की पहचान आरती अहिरवार (22), रणधीर अहिरवार की बेटी के रूप में हुई है। घटना के समय आरती घर पर अकेली थी और परिजन काम से बाहर गए थे। बुधवार दोपहर करीब साढ़े 12 बजे उसकी मां घर पहुंचीं तो कमरे की कुंडी अंदर से बंद थी। आवाज देने पर जवाब नहीं मिला। दूसरे रास्ते से कमरे में पहुंचने पर आरती फंदे पर लटकी मिली। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज ले गए।



पिता ने क्या बताया?

आरती के पिता रणधीर सिंह अहिरवार के मुताबिक उन्होंने युवक की शिकायत पहले भी पुलिस से की थी। इसके बाद युवक करीब तीन महीने जेल में रहा।

जेल से लौटने के बाद उसने फिर आरती को परेशान करना शुरू कर दिया और परिवार को जान से मारने की धमकी दी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी ने बताया कि मामले की जांच शुरू कर दी गई है और परिजन के बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने आरती का मोबाइल जब्त किया है। मोबाइल में मौजूद कॉल डिटेल, व्हाट्सएप चैट और अन्य डिजिटल जानकारी की जांच की जाएगी। जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे कार्रवाई होगी।

वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन से बढ़ेगा दूध उत्पादन

पशुपालकों को दिया प्रशिक्षण स्वच्छ दुग्ध उत्पादन, संतुलित आहार तक की बताईं तकनीकें

संतुलित पशु आहार और गर्मी के तनाव से पशुओं को बचाने के उपाय बताए।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

डेयरी व्यवसाय को लाभदायक बनाने और पशुपालकों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया।

इसमें पशुपालक किसानों को वैज्ञानिक पशु प्रबंधन, पोषण, स्वास्थ्य देखभाल और स्वच्छ दुग्ध उत्पादन की जानकारी दी गई। विशेषज्ञ जितेंद्र साहू ने दूध निकालने की स्वच्छ तकनीक, संतुलित पशु आहार और गर्मी के तनाव से पशुओं को बचाने के उपाय बताए। उन्होंने कहा कि बेहतर पोषण और नियमित स्वास्थ्य देखभाल से दूध की मात्रा और गुणवत्ता दोनों बढ़ाई जा सकती हैं।

नाबार्ड की डीजीएम जगप्रीत कौर ने पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं कृषि महाविद्यालय गंजबासौदा के वैज्ञानिकों और आरसेटी निदेशक जीआर बंसल ने भूसे का यूरिया उपचार करने तथा कम लागत में पौष्टिक पशु आहार तैयार करने की विधि समझाई। कार्यक्रम में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र, लीड बैंक, पशु चिकित्सा विभाग, नाबार्ड और सीआईआई के प्रतिनिधियों सहित जिले के पशुपालक किसान मौजूद रहे।

साकेत में 8500 वर्ग फीट में साकार होगा काशी लोक

5 व 6 तारीख को 2 दिवसीय दीपोत्सव, 30 वर्षों की परंपरा में इस बार 'काशी दर्शन-एक अनंत यात्रा' होगी मुख्य थीम

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

साकेत शिक्षण संस्थान की 30 वर्षों पुरानी परंपरा के तहत साकेत एमजीएम स्कूल परिसर में 5 व 6 नवंबर को दो दिवसीय दीपोत्सव आयोजित किया जाएगा। इस वर्ष आयोजन की थीम 'काशी दर्शन-एक अनंत यात्रा' रखी गई है। इसके तहत विद्यार्थियों ने 8500 वर्ग फीट क्षेत्र में भव्य 'काशी लोक' तैयार किया है।

विद्यार्थियों ने विशाल रंगोलियों के माध्यम से काशी की धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को जीवंत रूप दिया है। इसमें विश्व प्रसिद्ध गंगा आरती, गौरी केदारेश्वर, ओंकारेश्वर, बाबा विश्वनाथ और ढुंढिराज गणेश सहित काशी के तीनों खंडों के प्रमुख आस्था केंद्रों को दर्शाया गया है।

■ काशी के तीनों खंडों के प्रमुख आस्था केंद्रों को दर्शाया गया है।

संस्थान अध्यक्ष अतुल शाह ने कहा कि दीपोत्सव बच्चों की कला, संस्कार और आध्यात्मिक चेतना का संगम है। डायरेक्टर डॉ. कुशाग्र दीक्षित ने बताया कि रंगोलियों के माध्यम से काशी के इतिहास और संस्कृति को साकार किया गया है। प्राचार्य जीडी पाटिल सहित विद्यालय परिवार ने शहरवासियों और अभिभावकों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

दीपावली की सफाई का कचरा सड़कों पर, जगह-जगह लगे ढेर

हड़ताल के चलते वार्डों में नहीं पहुंचीं कचरा गाड़ियां, राहगीर और दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



विदिशा। कचरे का उठाव न होने के कारण सड़कों पर इस तरह से लगे ढ़ेर।

दीपावली के त्योहार के बाद घरों और दुकानों में हुई साफ-सफाई का कचरा अब सड़कों पर नजर आ रहा है। शहर के कई इलाकों में सड़क किनारे कचरे के ढेर लगे हैं। नियमित कचरा उठाव नहीं होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है।

दुकानदारों और राहगीरों को भी गंदगी के बीच से निकलना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते वार्डों में कचरा संग्रहण करने वाली गाड़ियां नहीं पहुंच रही हैं। ऐसे में घरों और दुकानों से निकलने वाला कचरा सड़क किनारे जमा हो रहा है। दीपावली की सफाई के कारण पहले से ही कचरे की मात्रा बढ़ गई है, लेकिन उठाव नहीं होने से स्थिति और बिगड़ रही है। त्योहार के बाद शहर को साफ-सुथरा रखने की जिम्मेदारी नगरपालिका की है, लेकिन कई वार्डों में कचरा गाड़ियां नहीं पहुंचने से सफाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सड़कों पर जमा कचरे से लोगों को परेशानी के साथ ही गंदगी फैलने का खतरा भी बना हुआ है। कचरा कलेक्शन करने वाले ठेकेदार का ठेका निरस्त कर दिया गया है और अब नपा स्वयं कचरा कलेक्शन कराएगी।

कृषि योजनाओं की प्रगति में विदिशा जिला प्रदेश में अव्वल

मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड की अगस्त माह की प्रगामी रैंकिंग में 42.95 स्कोर के साथ हासिल किया प्रथम स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत किसानों के कल्याण और कृषि क्षेत्र के समग्र विकास के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में विदिशा जिले ने प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड की अगस्त माह की प्रगामी रैंकिंग में जिले ने 42.95 स्कोर प्राप्त कर प्रदेश के सभी जिलों को पीछे छोड़ दिया। सतना दूसरे और सीहोर तीसरे स्थान पर रहा।

राज्य शासन द्वारा कृषि वर्ष 2026 में किसानों के कल्याण के लिए संचालित योजनाओं की निगरानी, पारदर्शिता और प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री किसान कल्याण डैशबोर्ड तैयार किया गया है। इसके तहत किसान कल्याण एवं कृषि विकास, उद्यानिकी, पशुपालन, डेयरी, मछुआ कल्याण और सहकारिता विभाग की योजनाओं के लिए प्रमुख प्रदर्शन संकेतक निर्धारित किए गए हैं। डैशबोर्ड पर योजनावार प्रगति की ऑनलाइन प्रविष्टि की जाती है। विभागाध्यक्षों द्वारा सत्यापित जानकारी के आधार पर जिलों की रैंकिंग तय होती है। कलेक्टर अंशुल गुप्ता के मार्गदर्शन में जिले में कृषि एवं संबद्ध विभागों की योजनाओं की नियमित समीक्षा की जा रही है। लक्ष्यों की प्राप्ति, हितग्राहियों तक लाभ पहुंचाने और विभागीय समन्वय से किए जा रहे प्रयासों के परिणामस्वरूप विदिशा को यह उपलब्धि मिली है।

12 वर्षीय राज के हृदय को मिला नया जीवन

विदिशा। नटेरन क्षेत्र के ग्राम सोमवारा निवासी 12 वर्षीय राज सेन की मुंबई में आयुष्मान योजना के तहत निःशुल्क हृदय सर्जरी हुई। आरबीएसके टीम और जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र ने लगातार काउंसलिंग कर उन्हें उपचार के महत्व और बीमारी की गंभीरता समझाई। सहमति मिलने पर राज को मुंबई के एसआरसीसी अस्पताल ले जाया गया, जहां 21 अक्टूबर को विशेषज्ञ चिकित्सकों ने सफल सर्जरी की।

विवेकानंद चौराह, नीमताल, दुर्गानगर और पीतलमील से नगर में प्रवेश प्रतिबंधित, उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

दीपावली पर 20 नवंबर तक भारी वाहनों की नो एंट्री।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

दीपावली पर्व के दौरान बाजारों और प्रमुख मार्गों पर बढ़ने वाली भीड़ को देखते हुए विदिशा नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जनसुरक्षा, सुचारू यातायात व्यवस्था और लोक शांति बनाए रखने के लिए एसडीएम मनीष कुमार जैन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 4 नवंबर से 20 नवंबर 2026 की रात 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा।

विवेकानंद चौराह से नीमताल, दुर्गानगर तथा पीतलमील चौराहे से विदिशा नगर में भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।

प्रशासन ने यह निर्णय त्योहार के दौरान बाजार क्षेत्रों में संभावित भीड़ और यातायात दबाव को ध्यान में रखते हुए लिया है। प्रशासन के अनुसार दीपावली के दौरान प्रमुख मार्गों और बाजारों में बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने की संभावना रहती है। ऐसे में भारी वाहनों के आवागमन से यातायात जाम, दुर्घटनाओं और अन्य अप्रिय घटनाओं का खतरा बढ़ सकता है। इसे रोकने और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबंध लागू किया गया है।

आकस्मिक सेवाओं को छूट

प्रतिबंधित मार्गों पर एम्बुलेंस, अन्य आकस्मिक सेवाओं तथा प्रशासनिक व्यवस्था से संबंधित वाहनों को आवागमन की छूट रहेगी। एसडीएम ने कहा कि प्रतिबंधात्मक आदेश का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

कुरवाई की दुकान से पांच किलो गंधक-पोटाश मिला

बिना लाइसेंस विस्फोटक रखने के आरोप में संचालक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

कुरवाई में पुलिस ने चाय-नाश्ते की दुकान से करीब 5 किलो गंधक-पोटाश जब्त किया है। बिना वैध लाइसेंस विस्फोटक सामग्री रखने के आरोप में दुकान संचालक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि हनुमानगंज में हनुमान मंदिर के सामने स्थित एक दुकान में गंधक-पोटाश रखा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और दुकान की तलाशी ली। तलाशी के दौरान दुकान के बाहर रखे सफेद प्लास्टिक के थैले में सफेद पन्नी के अंदर पीले-सफेद रंग का पदार्थ मिला। जांच में इसकी पहचान गंधक-पोटाश के रूप में हुई।

इसका वजन करीब 5 किलो था। पुलिस ने दुकान संचालक आकाश उर्फ योगेंद्र कुशवाह को गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ बिना वैध लाइसेंस विस्फोटक सामग्री रखने के आरोप में विस्फोटक अधिनियम की धारा 9(ख) के तहत केस दर्ज किया गया है।

स्वामित्व योजना में धीमी प्रगति पर पटवारी हटाया

पठारी तहसील में एसडीएम का निरीक्षण, तीन दिन में सुधार के निर्देश, त्योहारों पर खाद्य गुणवत्ता और सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा



आगामी त्योहारों के मद्देनजर कुरवाई एसडीएम मोतीलाल अहिरवार ने पठारी तहसील का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। स्वामित्व योजना के अभिलेखों के निष्पादन और पंजीयन में धीमी प्रगति पर पटवारी को मुख्यालय से हटाकर जनगणना कार्य में संलग्न करने के निर्देश दिए। साथ ही कारण बताओ नोटिस जारी किया।

तहसील में 5541 स्वामित्व अधिकार अभिलेखों का निष्पादन और पंजीयन होना है। इनमें पठारी मुख्यालय के 1545 अभिलेख शामिल हैं, लेकिन संबंधित पटवारी अमृतांश ने अब तक केवल 145 अभिलेखों का कार्य पूरा किया है। एसडीएम ने सभी पटवारियों को तीन दिन में प्रगति सुधारने और धनतेरस तक कम से कम एक गांव में शत-प्रतिशत कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। पटवारियों को सुबह 6 बजे से फील्ड में उपस्थित रहने को कहा। एसडीएम ने हाट बाजार का निरीक्षण कर खुले खाद्य तेल, बाहर से आने वाली मिठाई और मावे की गुणवत्ता पर निगरानी रखने के निर्देश दिए। गौशालाओं में दीपावली से पहले गौवंश को स्नान कराने, सजाने, हरा चारा, प्रकाश और अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराने को कहा।

राशन वितरण और पटाखा दुकानों की सुरक्षा

दीपावली से पहले सभी पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत राशन वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। पटाखा दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी, पानी के टैंकर, अग्निशमन यंत्र और रेत की व्यवस्था करने को कहा, ताकि त्योहार के दौरान नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

अमानक उर्वरक विक्रय के मामले में एफआईआर दर्ज

सागर। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी केसली द्वारा अमानक उर्वरक विक्रय के मामले में कार्रवाई करते हुए मेसर्स केसरी नंदन कृषि सेवा केंद्र, ग्राम टड़ा, तहसील केसली के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है।

रशीद गुम होने की सूचना

मै परसराम दोंगी पुत्र श्री भवरलाल दोंगी निवासी ग्राम सन तहसील व जिला विदिशा म.प्र. का हूँ। यह कि प्रार्थी के द्वारा बेतवा पल्सेस एण्ड वेयर हाउसिंग प्रा.लि. ग्राम मिजार्पुर सागर रोड विदिशा मे दिनांक 01/06/2026 को भण्डारण रशीद क्रमांक 16288 से 80 कटटी गेहूँ एवं दिनांक 26/05/2026 को रशीद क्रमांक 16287 से 109 कटटी चना देसी एवं दिनांक 24/04/2026 को रशीद क्रमांक 16286 से 85 कटटी चना देसी रखे थे जिनकी प्रार्थी के पास से वेयर हाउस की मूल रशीदे कहीं गुम हो गई है तथा प्रार्थी के पास उक्त रशीदो की फोटोकापी है जो आवेदन के साथ अवलोकन हेतु श्रीमान जी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूँ, तथा मैने उक्त रशीदो का कहीं कोई दुर-उपयोग नही किया है तथा भविष्य मे भी कही कोई दुरूपयोग नही करूँगा तथा अगर भविष्य मे रशीद मिलती है तो मै पुनः अपनी कृषि उपज की मांग नही करूँगा तथा रशीदो को वेयर हाउस में जमा करा दूँगा।

सिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में फोटो वॉक आयोजित

विदिशा। सिंगफील्ड वर्ल्ड स्कूल में रविवार को 'द लेंस मेन फोटोग्राफी क्लब' के तत्वावधान में फोटो वॉक का आयोजन किया गया। इसमें विदिशा सहित भोपाल और बेंगलुरु से आए फोटोग्राफरों एवं फोटोग्राफी प्रेमियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतिभागियों ने प्रकृति, परिवेश और आसपास के दृश्यों को अलग-अलग रचनात्मक अंदाज में कैमरे में कैद किया। कार्यक्रम में भोपाल से आए नीरज शक्ति निगम, दिनेश पवार और अनूप सोनी ने कैमरा सेटिंग्स, लाइटिंग, फ्रेमिंग, कंपोजिशन, एंगल और फोकस की बारीकियां समझाईं। उन्होंने प्रतिभागियों की तस्वीरों पर चर्चा कर उनमें सुधार के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। बेंगलुरु से चक्रवर्ती जैन और प्रिंसी जैन भी शामिल हुए। फोटो वॉक में हर्षल डफल, मनोज पांडे, विवेक पालोद, डॉ. श्रीदीप मेहरा, डॉ. राहुल जैन, आदित्य विक्रम, अविनाश श्रीवास्तव, करण प्रताप सिंह राणा, माधवी और वैष्णवी सहित अनेक सदस्यों ने सहभागिता की। आयोजन में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव और तकनीकी जानकारियां साझा कीं।

सुनहरी शाम की खूबसूरती में नहाए खेत, क्षितिज पर ढलता सूरज और प्रकृति का मनमोहक नज़ारा



फोटो : सोनू कुशवाह
स्थान : देवनगर
समय : शाम 5.25

मुख्य सड़कों पर वाहनों की कतार से लगता है जाम, जिम्मेदार विभाग बनाए गाइड लाइन

समस्या : मैरिज गार्डनों के पास न पार्किंग एरिया, न ही बारात के लिए अलग इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में शादी-विवाह का सीजन शुरू होने से पहले मैरिज गार्डनों की व्यवस्थाओं को लेकर जिम्मेदार विभागों की तैयारियां नजर नहीं आ रही हैं। हर साल शादियों के दौरान शहर की मुख्य सड़कों पर जाम, अव्यवस्थित पार्किंग और बारात के कारण यातायात बाधित होने की समस्या सामने आती है।

इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग के अधिकारियों द्वारा अब तक मैरिज गार्डन संचालकों और आयोजकों के लिए कोई एडवाइजरी जारी नहीं की गई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर हर साल बनने वाली इस समस्या से आम नागरिकों को कब राहत मिलेगी?

करीब 20 दिन बाद देवउठनी एकादशी से शहनाइयां गूंजने लगेंगी और शादी समारोहों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। इसके साथ ही शहर की सड़कों पर एक बार फिर जाम के हालात बनने की आशंका है। मैरिज गार्डनों के बाहर सड़क तक वाहन खड़े किए जाते हैं। वहीं बारातें पूरी सड़क घेरकर निकलती हैं। इससे दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों के साथ राहगीरों को भी परेशानी उठानी पड़ती है। कई बार रास्ता निकालने को लेकर विवाद की स्थिति भी बन चुकी है।

व्यवस्था सुधारने के लिए जरूरी कदम

- नगर पालिका और संबंधित विभाग मैरिज गार्डनों, धर्मशालाओं और होटलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जांच करें।
- प्रत्येक मैरिज गार्डन में पार्किंग की पर्याप्त जगह सुनिश्चित की जाए। सड़क पर वाहन खड़े करने पर रोक लगाई जाए।
- गार्डन के आसपास हुए अतिक्रमण हटाए जाएं, ताकि यातायात बाधित न हो।
- आयोजन की क्षमता के अनुसार ही मेहमानों को बुलाने और पार्किंग व्यवस्था करने की शर्त रखी जाए।
- बारात निकालने यातायात पुलिस से अनुमति और निर्धारित मार्ग की व्यवस्था हो।
- मैरिज गार्डनों में अग्निशमन उपकरण और सुरक्षा इंतजामों की भी जांच हो।



हादसों का भी बना रहता है खतरा

मैरिज गार्डनों के आसपास यातायात व्यवस्था नहीं होने से दुर्घटनाओं का खतरा भी बना रहता है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच सड़क पर बारात निकलना, बच्चों का इधर-उधर दौड़ना और बेतरतीब पार्किंग स्थिति को और गंभीर बना देती है। आयोजन की चकाचौंध में आम लोगों की परेशानी और सड़क सुरक्षा को नजरअंदाज कर दिया जाता है।

नपा टीम बनाकर जल्द करेगी जांच अनियमित्ता मिलने पर होगी कार्रवाई

नगर पालिका रायसेन ने बताया कि शहर में संचालित बिना पंजीयन और आवश्यक सुविधाओं के चल रहे मैरिज गार्डन, धर्मशालाओं, होटलों और मैरिज लॉज की जांच कराई जाएगी। इसके लिए जल्द ही नगर पालिका कर्मचारियों की टीम मौके पर भेजी जाएगी। जांच में अनियमितता मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

अब सवाल यह उठ रहा है कि जिला व पुलिस प्रशासन शादी सीजन शुरू होने से पहले सक्रिय होगा या फिर हर साल की तरह इस बार भी आम नागरिकों को जाम और अव्यवस्थित पार्किंग की परेशानी झेलनी पड़ेगी?

मुख्य मार्गों पर सबसे ज्यादा परेशानी

शहर के सागर-भोपाल स्टेट हाईवे, सांची-विदिशा रोड और रायसेन-भोपाल मार्ग सहित अंदरूनी सड़कों पर संचालित मैरिज गार्डनों के आसपास यातायात व्यवस्था बिगड़ जाती है। आयोजन के दौरान गार्डन के बाहर वाहनों की लंबी कतार लग जाती है। पार्किंग की पर्याप्त जगह नहीं होने से वाहन सड़क किनारे और कई बार सड़क के बड़े हिस्से पर खड़े कर दिए जाते हैं। दूसरी ओर बारात में शामिल लोग सड़क घेरकर चलते हैं। इससे राहगीरों और जरूरी काम से निकलने वाले लोगों को घंटों परेशानी झेलनी पड़ती है।

इनका कहना है

बिना पंजीयन और सुविधाओं वाले मैरिज गार्डनों की होगी जांच
- **पवन कुमार अवस्थी,** नवागत सीएमओ।

स्कूल के पास लगे थे रतनजोत के पौधे

रतनजोत के बीज खाने से 17 बच्चे बीमार, अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन



जिले की सिलवानी तहसील के ग्राम पुदर सलैया में रतनजोत के बीज खाने से करीब 17 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया। उल्टी और पेट दर्द की शिकायत होने पर बच्चों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इनमें से 15 बच्चों को 108 एंबुलेंस से सिविल अस्पताल सिलवानी में भर्ती कराया। जबकि दो बच्चों का उपचार प्रतापगढ़ के अस्पताल में चल रहा है।

जानकारी के अनुसार, गांव के स्कूल के पास रतनजोत का पौधा लगा हुआ था। बताया जा रहा है कि बच्चों ने खेलते समय इस पौधे के बीज पत्थरों से फोड़कर खा लिए। कुछ देर बाद बच्चों को पेट दर्द उल्टी दस्त होने लगे। एक के बाद एक कई बच्चों की तबीयत बिगड़ने से परिजन घबरा गए। इसके बाद बच्चों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की गई। बच्चों के एक साथ बीमार होने की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे।

डॉक्टर बोले- सभी बच्चों की हालत फिलहाल ठीक

सिविल अस्पताल सिलवानी में भर्ती बच्चों का उपचार जारी है। अस्पताल के डॉक्टर राहुल धाकड़ के अनुसार, सभी बच्चों की स्थिति फिलहाल ठीक है। उन्हें प्राथमिक उपचार दिया जा रहा है। उपचार के बाद बच्चों की स्थिति का आकलन कर तय किया जाएगा कि किसी को दूसरे अस्पताल में रेफर करने की जरूरत है या नहीं।

आबकारी अधिनियम के तहत दर्ज किया मामला

बोलेरो में जा रही तीन पेटी अवैध शराब जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर



पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बोलेरो वाहन से ले जाई जा रही 3 पेटी अवैध देशी शराब जब्त कर मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जब्त शराब में 150 देशी क्वार्टर शामिल हैं। इसके साथ ही बोलेरो कार भी जब्त की गई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी श्यामराज सिंह सोमवंशी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि सलामतपुर के गल्ला मंडी रोड पर एक व्यक्ति बोलेरो वाहन में अवैध शराब लेकर बिक्री के लिए पहुंचने वाला है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ने पुलिस बल के साथ मौके पर घेराबंदी की। इसी दौरान संदिग्ध बोलेरो चालक पुलिस को देखकर वाहन लेकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी की पहचान हरिओम शर्मा (47) पिता लटोरी प्रसाद, निवासी ग्राम नगरा, थाना नगरा, जिला मुरैना, हाल निवासी अंजली होटल के पास, थाना सांची, जिला रायसेन के रूप में हुई।

खबर संक्षेप



हाईवे-18 पर अनियंत्रित ट्रैक्टर खाई में पलटा

दीवानगंज। भोपाल-विदिशा स्टेट हाईवे-18 पर सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात पीएमश्री स्कूल दीवानगंज बरजोरपुर रोड के सामने नया ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर करीब 10 फीट गहरी खाई में पलट गया। गनीमत रही कि चालक ट्रैक्टर को कुछ नहीं हुआ। यदि ट्रैक्टर थोड़ा और आगे बढ़ जाता तो पास में पानी से भरे गहरे गड्ढे में गिर सकता था। प्राप्त जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर इटारसी जा रहा था। देर रात अचानक सामने से दूसरा वाहन आ गया, उसे बचाने में चालक ने ट्रैक्टर को सड़क से नीचे उतार दिया। सड़क से नीचे उतरते ही ट्रैक्टर अनियंत्रित हो गया और करीब 10 फीट गहरी खाई में जाकर पलट गया।

कलेक्टर ने खाद गोदाम का किया निरीक्षण

रायसेन। बुधवार को कलेक्टर रोहित सिसोनिया ने रायसेन में एमपी स्टेट एग्रो के खाद गोदाम का निरीक्षण किया गया। उन्होंने यहां खाद की उपलब्धता तथा वितरण व्यवस्था का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को व्यवस्थित तरीके से खाद का वितरण हो, उन्हें परेशानी ना हो। कलेक्टर ने किसानों से कृषि कार्य के संबंध में चर्चा की। साथ ही किसानों को पराली नहीं जलाने की समझाईश देते हुए वैकल्पिक उपाय अपनाने के लिए कहा।

मरम्मत-सफाई के अभाव में टेल क्षेत्र तक नहीं पहुंचता पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली।

बाड़ी स्थित बारना बांध की दायी और बायी मुख्य नहरे बरेली बाड़ी उदयपुरा तहसीलों के साथ बुधनी तहसील के बक्तरा क्षेत्र में सैकड़ो किलोमीटर तक नहरे फैली हुई है। नहरो की हालत खराब बनी हुई है उनकी मरम्मत साफ सफाई न किए जाने से नहरो में पानी की रुकावट और टेल क्षेत्र में महीना बाद पलेवा सिंचाई के लिए पानी पहुंच पाता है। जिससे किसान चिंतित बने हुए हैं।

संपूर्ण क्षेत्र में धान की कटाई थ सिंग का कार्य जोर-शोर से चल रहा है। किसानों द्वारा जमीन की बखरनी बाद पलेवा और फिर गेहूं चना इत्यादि की बोबनी की जाएगी।

नहरों में पानी छोड़ने का समय निकट है इससे पूर्व नहरो की साफ सफाई और मरम्मत जरूरी है। लगभग 10 वर्षों से बारना बांध क्षेत्र की जल उपभोक्ता संस्थाओं के चुनाव न होने से नहरो के रखरखाव मरम्मत सुधार साफ सफाई की जिम्मेदारी वारना परियोजना के उपयंत्रियों एसडीओ पर बनी हुई है।

सैकड़ों किलोमीटर में फैली वारना बांध की नहरें



नहरों में रिसाव की समस्या

नहरो में गाद, मिट्टी, झाड़ियां बनी रहने के साथ पानी रिसाव की समस्या नहरो में बनी रहती है। इस वर्ष औसत से कम बारिश होने के कारण जमीन रूखी कम नमी होने से पलेवा में अधिक पानी लगेगा। नहरो को पक्की करने में पिछले वर्षों करोड़ो रुपए की राशि खर्च की गई परंतु नहरो से पानी रिसाब की समस्या दूर नहीं हुई। और नहरो का पानी नदी नालों में अधिक पहुंचता और बर्बाद होता है।

धनतेरस दीपावली पूर्व सज गए बाजार और दुकानें

सोना चांदी के दाम कम हुए तो खरीदने लग रही भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



धनतेरस और दीपावली के त्योहार को लेकर नगर के बाजार और दुकाने सज जाने के साथ लोगों द्वारा जमकर खरीदारी भी की जा रही है। लक्ष्मी पूजन के लिए लक्ष्मी प्रतिमाएं मिट्टी के दीया, वाहनों और घरों की सजावट के लिए सुंदर आकर्षक फूल मालाओ के साथ ही कपड़ा और किराना दुकानों पर खरीदारी बढ़ गई है।

सोने और चांदी के दाम कम होने का असर ज्वेलर्स की दुकानों पर दिखलाई दे रहा है। कम राशि वाले सोने चांदी के जेवर खरीदने महिलाओं में भारी आकर्षक और उत्साह दिखलाई दे रहा है।

सजी दुकाने बढ़ी ग्राहकी: धनतेरस और दीपावली के पूर्व परिवारों द्वारा खुशियों के त्योहार पर जमकर खरीदारी की जा रही है। माह का प्रथम सप्ताह होने से कर्मचारियों को वेतन मिल गया दूसरा क्षेत्र में धान कटाई का जोर बना रहने से मजदूरों को प्रतिदिन नगदी मजदूरी राशि मिल रही है।

किसानों द्वारा धान बेचकर अपेनी मनपसंद वस्तुओं की खरीदारी की जा रही है। 6 नवंबर को धनतेरस पर जमकर वस्तुओं की खरीदारी की संभावना है। ट्रैक्टर एवं दो पहिया वाहनों के शोरूम पर भी लोगों की वाहन खरीदने भीड़ लगी नजर आ रही है। जिस प्रकार का माहौल बना हुआ है उससे आने वाले दिनों में और भी अधिक खरीदारी और बाजारों में भीड़ बनी रहने की संभावना है।

30 नवंबर तक राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान

80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स को घर पर ही मिलेगी सुविधा कल से लगेंगे विशेष शिविर, इटारसी में भी होगी नि:शुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

रेलवे पेंशनर्स की सुविधा एवं कल्याण को ध्यान में रखते हुए 30 नवंबर तक राष्ट्रीय डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र अभियान-5 का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत पेंशनर्स को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया का प्रत्यक्ष प्रदर्शन एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा

साथ ही पेंशनर्स के स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी। इन शिविरों का उद्देश्य पेंशनर्स को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की प्रक्रिया से अवगत कराना, उन्हें बैंकिंग एवं डिजिटल सुविधाओं का लाभ दिलाना तथा उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।शिविरों में पेंशनर्स को डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र ऑनलाइन अपलोड करने का प्रत्यक्ष प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके साथ ही स्वास्थ्य परीक्षण भी किया जाएगा।



बैंकिंग सुविधाओं के लिए भी लगेंगे विशेष शिविर

पेंशनर्स को बैंकिंग संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न बैंकों के सहयोग से भी विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। 10 नवंबर इटारसी में भारतीय स्टेट बैंक में शिविर लगेगा। रेल प्रशासन द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु के पेंशनर्स की सुविधा का विशेष ध्यान रखते हुए क्षेत्रीय कल्याण निरीक्षकों को प्रत्येक मंगलवार को पेंशनर्स के घर जाकर उनसे संपर्क करने एवं उनकी समस्याओं के निराकरण में सहायता करने के निर्देश दिए गए हैं। यह सुविधा इटारसी, न्यू यार्ड इटारसी, भोपाल, हरदा, बीना एवं गुना क्षेत्रों में उपलब्ध कराई जाएगी।

दुकान से सोना लेकर फरार होने वाली महिला गिरफ्तार

नर्मदापुरम। नर्मदापुरम में एक महिला ग्राहक बनकर सराफा दुकान पहुंची। उसने चर्म रोग का बहाना बनाकर चेहरा स्कार्फ से ढंक रखा था। जेवर देखने के बहाने उसने व्यापारी को दुकान के बेसमेंट में बने स्टोर रूम में भेजा। बाहर से दरवाजा बंद कर दिया। इसके बाद काउंटर की दराज से सोने-चांदी के जेवरों के डिब्बे चुराकर भाग गई। घटना 2 नवंबर की है। पुलिस ने करीब 250 **CCTV** कैमरों के फुटेज खंगालकर आरोपी महिला चाहत मंसूरी उर्फ मुस्कान लोट (28), निवासी इटारसी को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से 65 लाख रुपए कीमत के 450 ग्राम सोने के जेवर बरामद किए गए। महिला इटारसी में भी इसी तरह की वारदात कर चुकी है। 2 नवंबर को महिला सराफा बाजार स्थित राज ज्वेलर्स पहुंची। उसने चेहरे पर स्कार्फ बांध रखा था। चर्म रोग का बहाना बनाकर स्कार्फ हटाने से मना कर दिया। उसने पहले मंगलसूत्र का पेंडल देखा। इसके बाद **ATM** से पैसे लाने का कहकर दुकान से चली गई।उ करीब 15 मिनट बाद वह दोबारा आई। कान के टॉप्स दिखाने को कहा।